पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

इनडस एम-2014

चिकित्सक अपने सहानुभूतिपूर्ण रवैये से मरीज की इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं-राज्यपाल

लखनऊ: 18 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने आज किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के साइंटिफिक कन्वेंशन संेटर में आयोजित "INDUS EM-2014" में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें ऐसी इलाज पद्वति विकसित करनी चाहिए जो आम आदमी के लिये सर्व सुलभ और सस्ती हो। चिकित्सक अपने सहानुभूतिपूर्ण रवैये से मरीज की इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मरीज के लिये विश्वास और सस्ता इलाज महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और वहीं देश प्रगति करता है जहाँ लोग स्वस्थ होते हैं। हमारे युवा चिकित्सक इस संगोष्ठी से प्रेरणा लें। उन्होंने विश्वास जताया कि इस संगोष्ठी के माध्यम से देश एवं प्रदेश में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का रास्ता निकल सकता है। देश के प्रतिभावान लोग इस क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस संगोष्ठी के माध्यम से निकले निष्कर्ष और विचार लाभदायी होंगे। उन्होंने कहा कि बीस वर्ष पहले जब वे कैंसर से पीड़ित थे तो अपने देश के चिकित्सकों ने उनकी इच्छाशक्ति बढ़ाकर स्वस्थ होने में सहायोग किया। विदेश से लौटे डाॅ0 सागर गल्वांकर का परिचय कराते हुए उन्होंने कहा कि डाॅ0 गल्वांकर मुम्बई के उस क्षेत्र के रहने वाले हैं जहां से वे चुनाव लड़ते थें। डाॅ0 गल्वांकर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे आपातकालीन चिकित्सा जैसी सोच को लेकर भारत आये हैं।

श्री नाईक ने इस अवसर पर सांसद कोष पर चर्चा करते हुए कहा कि सांसद कोष की कल्पना उनकी अपनी कल्पना थी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने सांसद कोष से इस प्रेक्षागृह का निर्माण कराया है।

कार्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री डाॅ0 अभिषेक मिश्रा ने कहा कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय का बड़ा स्वर्णिम इतिहास रहा है। सरकार जनता को अच्छी चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। सरकार अनेक योजनायें स्वास्थ्य के क्षेत्र में चला रही है। उन्होंने कहा कि आपातकाल एवं ट्रामा के मरीज के लिए शुरूआती घंटों में शीघ्र उपचार मिलना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अच्छा प्रशिक्षण एवं देख-रेख भी महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में डाॅ0 सागर गल्वांकर, सी0ई0ओ0 "INDUS EM-2014" डाॅ0 वी0एम0 कटोच, कुलपति डाॅ0 रविकांत ने भी अपने विचार रखे। राज्यपाल ने इस अवसर पर डाॅ0 विकास कपिल व अन्य चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया।

Co-Organised by

indusem 2014
INDO-US EMERGENCY MEDICINE SUMMIT
Theme – Money, Management & Manpower in Medicine
17th – 19th October, 2014
Organized by
King George's Medical University, Lucknow, India
10th Annual INDO-US Emergency Medicine Summit
Co-Organised by
Indian Institute of Management, Lucknow
Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Medical Sciences, Lucknow
Rural Institute of Medical Science & Research, Saifai
Era's Lucknow Medical College and Hospital, Lucknow

King George's Medical University
Welcomes
10th Annual INDO-US Emergency Medicine Summit
SHRI RAM NAIKJI

2014
SUMMIT
University,
Annual Assembly Of The
Annual Emergency Nursing
Sanjay Gandhi Post
Rural Institute
Patient Safety

MEDICINE SUMMIT
Manpower in Medicine
October, 2014
Medical

EMERGENCY & TRAUMA
INDO-US
CELEBRATING 10 YEARS EXCELLENCE
indusem 2014
INDO-US EMERGENCY MEDICINE SUMMIT
Money, Management & Manpower in Medicine
Friday-Sunday 17th - 19th October, 2014